

SHRI MARIYAPPAN T

Shri Mariyappan T is a gold medalist at the Paralympic Games 2016 held at Rio, Brazil from 7th to 18th September 2016 in the event of High Jump under T 42 category by clearing 1.89 mtrs. Presently he is holding World Ranking No. 1 in the event of High Jump.

2. Shri Mariyappan T has won gold medal in the Para Junior World Championship, Netherland, 2015 and also won gold medal at the IPC Athletics Grand prix held at Tunisia 2016. Shri Mariyappan T is also three times Para Sport National Champion in High Jump.

3. Born on June 28, 1995, Shri Mariyappan T received his degree in Bachelor of Business Administration & Computer Application in the year 2016 from University of Periyar. Presently he is pursing MBA under the same university. He got into athletics while he was a student at school in Tamilnadu. Later Shri Satyanarayana who spotted his performance and picked him to Bangalore for his coaching and he is responsible for Shri Mariyappan T winning Gold medal at the Rio Paralympics 2016.

4. Shri Mayriyappan T has been supported by the Sports Academy of India for Differently Abled and Paralympic Committee of India and also by Mr. Arhan Bagati.

5. At present Shri Mariyappan T is training in the Sports Authority of India, Bangalore in the National Para Athletics Coaching Camp in preparation to World Athletics Championship 2017 under his coach Shri Satyanarayana.



श्री मरियप्पन टी

श्री मरियप्पन टी दिनांक 7 से 18 सितम्बर, 2016 तक रियो, ब्राजील में आयोजित पैरालिम्पिक खेल-2016 में टी-42 कैटेगरी में ऊंची कूद प्रतियोगिता में 1.89 मीटर की ऊंचाई पार करने वाले स्वर्ण पदक विजेता हैं। वर्तमान में, आप ऊंची कूद प्रतियोगिता में विश्व में नम्बर 1 स्थान पर हैं।

2. आपने पैरा जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप, नीदरलैण्ड 2015 में स्वर्ण पदक जीता है और आप ट्यूनिया 2016 में आयोजित आई पी सी एथलीट ग्रैंड प्रिक्स के भी स्वर्ण पदक विजेता हैं।

3. आपका जन्म 28 जून, 1995 में हुआ था और आपने वर्ष 2016 में पेरियार विश्वविद्यालय से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान समय में, आप इसी विश्वविद्यालय से अपना एम बी ए कर रहे हैं। जब आप तमिलनाडु में एक स्कूल में पढ़ रहे थे तभी आपने एथलीट जगत में पदार्पण किया था। बाद में श्री सत्यनारायण, जिन्होंने आपकी इस प्रतिभा को पहचाना, आपको अपनी कोचिंग देने के लिए बंगलौर ले गए। यह उनकी कोचिंग का ही नतीजा है कि आप रियो ओलम्पिक 2016 में स्वर्ण पदक के विजेता बने।

4. आपको डिफरेन्टली एबल्ड एंड पैरालिम्पिक कमेटी ऑफ इंडिया की भारतीय स्पोर्ट्स अकादमी का पूर्ण सहयोग मिला। इसके अलावा, आपको श्री अरिहन बागती का सहयोग भी प्राप्त हुआ है।

5. वर्तमान में आप अपने कोच श्री सत्यनारायण की देखरेख में वर्ल्ड एथलीट चैम्पियनशिप-2017 की तैयारी हेतु नेशनल पैरा एथलीट कोचिंग कैम्प में भारतीय स्पोर्ट्स प्राधिकरण में प्रशिक्षण ले रहे हैं।